Name : ..........................................................................................................

Roll No. : ...............................................

# पुराना पाठ्यक्रम / Old Syllabus

कुल प्रश्नों की संख्या : **18** ]                                                  [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **7**

# S-221001

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : **3 घण्टे** ]                                                  [ पूर्णांक : **75**

***निर्देश*** : (*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **1** वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति सम्बन्धी प्रश्न एवं खण्ड (स) में उचित सम्बन्ध जोड़ने सम्बन्धी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **2** से **6** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द-सीमा *30* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक **7** से **10** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक **11** से **15** तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *75* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक **16** एवं **17** पत्र-लेखन एवं अपठित गद्यांश हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक **18** दीर्घउत्तरीय प्रश्न (निबन्ध) है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है।

S-89

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) नर्मदा का उद्गम स्थान है :

(*अ*) इलाहाबाद

(*ब*) अमरकंटक

(*स*) छत्तीसगढ़

(*द*) उड़ीसा

(*ii*) विश्व का सबसे बड़ा जनतंत्र है :

(*अ*) भारत का

(*ब*) अमेरिका का

(*स*) जापान का

(*द*) इंग्लैण्ड का

(*iii*) 'माटीवाली' पाठ किस विधा से है ?

(*अ*) निबंध

(*ब*) कहानी

(*स*) एकांकी

(*द*) जीवनी

(*iv*) शहीद वीरनारायण सिंह जमींदार थे :

(*अ*) कोमाखान के

(*ब*) माटीखान के

(*स*) रायपुर के

(*द*) सोनाखान के

(*v*) 'तट-तीर' में कौन-सा अलंकार है ?

(*अ*) अनुप्रास

(*ब*) यमक

(*स*) उत्प्रेक्षा

(*द*) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-1** **( खण्ड-ब )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) जेबकतरा ने पैसे —— को भेजे थे।

(*ii*) 'गृह-प्रवेश' कविता में कवि —— को बुलाने के लिए धान की बालियाँ लगाता है।

(*iii*) तीजन बाई —— की गायिका है।

(*iv*) पसीने की तुलना —— से की गई है।

(*v*) माटीवाली —— शहर में रहती थी।

**प्रश्न-1** **( खण्ड-स )** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| | **( क )** | | **( ख )** |
|---|---|---|---|
| (*i*) | जनतंत्र का जन्म | – | झरना |
| (*ii*) | जुहिला | – | रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| (*iii*) | घीसा | – | नर्मदा की सखी |
| (*iv*) | ये जिनगी फेर चमक जाए | – | महादेवी वर्मा |
| (*v*) | निर्झर | – | भगवती लाल सेन |

**प्रश्न-2** वनवासियों का जीवन कैसा होता है ? [2]

**प्रश्न-3** कवि ने जनता के लिए सिंहासन खाली कर देने के लिए क्यों कहा है ? [2]

**प्रश्न-4** 'माटीवाली' कहानी के अंत में लोग अपने घरों को छोड़कर क्यों जाने लगे थे ? [2]

**प्रश्न-5** वीरनारायण सिंह जंगलों की ओर क्यों चले गए ? [2]

**प्रश्न-6** छायावाद की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। [2]

**प्रश्न-7** ''घीसा को देखकर आँखें ही नहीं मेरा रोम-रोम गीला हो गया।'' लेखिका ने ऐसा क्यों कहा ? [3]

**प्रश्न-8** राणा ने मीराबाई को विष का प्याला क्यों भेजा होगा और मीराबाई उस विष को पीते हुए क्यों हँसी ? अपने विचार लिखिए। [1+2=3]

**प्रश्न-9** रीतिकाल के तीन कवि एवं उनकी एक-एक रचनाओं के नाम लिखिए। [½×6=3]

**प्रश्न-10** 'तुरतुरिया' नामक स्थान क्यों प्रसिद्ध है ? [3]

**प्रश्न-11** लेखक बनने के लिए शरतबाबू के क्या-क्या सुझाव थे ? [4]

***अथवा***

अंग्रेजों के दावत पर आने के पहले बाबा ने कौन-सी तसवीर हटवा दी ? उन्होंने उस तसवीर को क्यों हटवाया होगा ? अपने विचार लिखिए।

**प्रश्न–12** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए : [4]

छोटी–बड़ी कई झीलें हैं
उनके श्यामल–नील सलिल में
समतल देशों से आ–आकर
पावस की ऊमस से आकुल
तिक्त–मधुर बिसतंतु खोजते
हंसों को तिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है।

***अथवा***

दुर्गम बर्फानी घाटी में
शत–सहस्र फुट ऊँचाई पर
अलख नाभि से उठने वाले
निज के ही उन्मादक परिमल
के पीछे धावित हो–होकर
तरल–तरुण कस्तूरी मृग को
अपने पर चिढ़ते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।

**प्रश्न–13** टैक्स को 'बीमारी' के रूप में देखने का क्या आशय है? लिखिए। [4]

***अथवा***

सबका दुख अलग–अलग होता है, किस–किस तरह के दुख के अनुभव आपने किए हैं, उन्हें लिखिए।

**प्रश्न–14** मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिंदगी को किस तरह बदल दिया? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

***अथवा***

सिकुमार की माँ क्या कहते–कहते रो पड़ी? लिखिए।

**प्रश्न-15** बाँझ के हरे-भरे पेड़ और ठूँठ किस मानवीय भाव को प्रकट करते हैं ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

***अथवा***

'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न-16** आपका नाम शोभराज सिंह है, आप नगरपालिका परिषद् तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.) में रहते हैं, आप अपने क्षेत्र में फैली महामारी की रोकथाम हेतु नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

***अथवा***

किसी विशिष्ट प्राकृतिक स्थल की विशेषताओं को बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

**प्रश्न-17** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1×5=5]

''कला का कभी विभाजन नहीं हो सकता। फिर भी अभिव्यक्ति और अनुभूति की दृष्टि से कला के दो स्थूल रूप हैं—उपयोगी कला, और ललित कला। उपयोगी कला हमारे व्यावहारिक जीवन की आवश्यकता को पूरी करती है। सुनार, कुम्हार, लुहार आदि इसी श्रेणी में आते हैं। ललित कला के द्वारा हमारे हृदय को आनन्द प्राप्त होता है। यह आनन्द हमें श्रवणेन्द्रिय और नेत्रेन्द्रिय द्वारा प्राप्त होता है। ललित कलाएँ पाँच हैं—वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत और काव्य कला। संगीत और काव्य का आनन्द श्रवणेन्द्रिय से लिया जाता है।''

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(*ii*) कला के स्थूल रूप कौन-कौन से हैं ? उनके नाम लिखिए।

(*iii*) ललित कलाएँ कौन-कौन सी हैं ?

(*iv*) आनंद का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(*v*) हमारे हृदय को आनन्द कैसे प्राप्त होता है ?

(*vi*) उपयोगी कला हमारी कौन-सी आवश्यकता को पूरा करती है ?

**प्रश्न-18** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग *250-300* शब्दों में निबंध लिखिए : [2+4+2=8]

(*i*) छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी : नरवा, गरुवा, घुरुवा, बारी

(*ii*) छात्र जीवन और अनुशासन

(*iii*) स्वच्छ भारत अभियान

(*iv*) कोरोना महामारी के दुष्परिणाम एवं बचाव के उपाय

(*v*) जीवन में खेलों का महत्व

———